29 जनवरी 2024




Dekalb काउंटी में दो स्कूल डिस्ट्रिक्ट हैं:  Decatur सिटी स्कूल्स और Dekalb काउंटी स्कूल डिस्ट्रिक्ट (DCSD)।

DCSD द्वारा सभी विद्यार्थियों को प्रत्येक स्कूल दिवस पर गुणकारी और पौष्टिक भोजन दिया जाता है। DCSD के सभी स्कूलों में बहुत समय से हर विद्यार्थी को गुणवत्ता वाला नाश्ता, दोपहर का भोजन और स्नैक दिया जाता आ रहा है। इसमें कोई फेरबदल नहीं किया जाता है और ना ही मेन्यू में कोई वैकल्पिक चीज़ उपलब्ध कराई जाती है। यह भोजन उन विद्यार्थियों को भी उपलब्ध कराया जाता है, जो इसका शुल्क चुकाने में असमर्थ हैं या जिनके खाते में पर्याप्त बैलेंस नहीं होता है।

भोजन शुल्क दर्ज किए जाते हैं और भुगतान लंच पाने वाले परिवारों को हर सप्ताह बैलेंस की सूचना दी जाती है। भुगतान पूरे स्कूल वर्ष के दौरान किया जा सकता है।

DCSD में 82% से अधिक विद्यार्थी मुफ्त और कम कीमत पर भोजन की पात्रता रखते हैं। डिस्ट्रिक्ट भोजन शेष को कम करने या पूरी तरह से कवर करने के लिए भुगतान योजना, सामुदायिक वित्त पोषण या सरकारी कार्यक्रमों की पेशकश करके बकाया शुल्कों को पूरा करने के लिए परिवारों के साथ सहानुभूतिपूर्वक काम करने के लिए प्रतिबद्ध है।

स्पैनिश अनुवाद देखें:
https://dekalbschoolsga.blob.core.windows.net/wpcontent/2024/01/Spanish_2024-01-25-DCSD-School-Meals-Charging-Policy-Explained.pdf

DeKalb County
School District

डिस्ट्रिक्ट 6 टाउन हॉल

# अपने विद्यार्थियों की रक्षा करना

## स्कूल सुरक्षा गोल मेज़ चर्चा










गुरुवार
29 फरवरी 2024

शाम 5:30 बजे से
शाम 7:30 बजे तक

Stone Mountain हाई स्कूल
4555 Central Drive,
Stone Mountain, GA 30083

**विशेष अतिथि:**
अंतरिम प्रमुख Larry Wright

Darnell Logan
*सुरक्षित स्कूल और विद्यार्थी संबंध*

Dr. Kishia Towns
*प्रमुख संरक्षण सेवाएँ*

**मेज़बान:**
Mr. Diijon DaCosta, Sr.
*बोर्ड प्रतिनिधि (डिस्ट्रिक्ट 6)*




वीरवार, 1 फरवरी को शाम 6 बजे Sequoyah मिडल स्कूल में ने Sequoyah मिडल और हाई स्कूल के लिए योजनाओं का अनावरण करने के उद्देश्य से आयोजित विशेष समुदाय सहभागिता बैठक में हमारे साथ शामिल हों। अपने साथ अपने दोस्तों, पड़ोसियों और परिवार को लाएं।




DCSD 2024 मिक्स एंड मिंगल (अंग्रेज़ी/स्पैनिश)

https://www.youtube.com/watch?v=kIv0c6pNlzU

HINDI




**आपकी आवाज़, हमारा भविष्य!**

DeKalb काउंटी स्कूल डिस्ट्रिक्ट हमारी 2024-2029 सामरिक योजना तैयार करने की यात्रा पर निकल रहा है, और हम सभी विद्यार्थियों, अभिभावकों, कर्मचारियों और समुदाय के सदस्यों से हमारे स्कूलों और समुदाय के लिए दृष्टिकोण को आकार देने में मदद करने का आह्वान कर रहे हैं।

कृपया सामरिक योजना हितधारक सर्वेक्षण में भाग लेने के लिए नीचे दी गई छवि में QR कोड को स्कैन करें या https://bit.ly/3SdUJq3 पर जाएं।

साथ मिलकर, हम उत्कृष्टता का प्रयास कर रहे हैं। बातचीत में शामिल हों, और एक ऐसे भविष्य को साकार करें जिसमें हम सभी विश्वास करते हैं।



DCSD द्वारा शिक्षा के सबसे महत्वपूर्ण भागों में से एक में हिस्सा लेने के लिए समुदाय के सभी सदस्यों को आमंत्रित किया जाता है: टैक्स-डॉलर खर्च।

आम जनता को E-SPLOST (शिक्षा विशेष प्रयोजन स्थानीय विकल्प बिक्री कर) सलाहकार समिति की सदस्यता के लिए आवेदन करने के उद्देश्य से आमंत्रित किया जाता है। आवेदन शुक्रवार, 16 फरवरी 2024 तक जमा किए जा सकते हैं।

E-SPLOST सलाहकार समिति नागरिकों की राय प्रदान करती है, और E-SPLOST राजस्व के साथ भुगतान की गई मतदाता-अनुमोदित परियोजना सूची की समीक्षा करती है। इस समिति में आम जनता के सदस्य शामिल होते हैं जो DCSD से लेकर DeKalb काउंटी समुदाय तक में पारदर्शिता और बातचीत बनाए रखने के सामान्य लक्ष्य को शेयर करते हैं।

उम्मीदवार DCSD की सीमाओं के भीतर रहने वाले निवासी होने चाहिए। इन सदस्यों के पास DeKalb काउंटी शिक्षा बोर्ड की सदस्यता नहीं होनी चाहिए, ये DCSD के कर्मचारी नहीं होने चाहिए या इनकी दिलचस्पी DCSD की किसी भी आर्थिक परियोजना में नहीं होनी चाहिए। लेखांकन, वास्तुकला, लेखा परीक्षा, निर्माण, इंजीनियरिंग, वित्त, K-12 शिक्षा, कानून, योजना, परियोजना प्रबंधन और/या रियल एस्टेट में अनुभव वांछित है।


इसके अलावा, उम्मीदवारों से अपेक्षा की जाती है कि वे मासिक बैठकों में शामिल होने के लिए दो घंटे का समय निकालें। इन बैठकों का आयोजन आमतौर पर शाम को किया जाता है। चुने जाने पर सदस्यों को पृष्ठभूमि की जांच करानी होगी और गैर-प्रकटीकरण अनुबंध पर हस्ताक्षर करने होंगे।

Georgia के सबसे बड़े स्कूल डिस्ट्रिक्ट्स में से एक में गोपनीयता के साथ काम करने के इस शानदार अवसर के लिए ऑनलाइन आवेदन करना आसान है! अपनी जानकारी जमा करने के लिए बस यहाँ क्लिक करें ।




DCSD 2024 टेक फेयर (अंग्रेज़ी/स्पैनिश)

https://www.youtube.com/watch?v=8I1oeCLvwtk




Briarlake एलीमेंटरी स्कूल की विजुअल और मीडिया आर्ट्स की शिक्षक Dr. Amy Sery को बहुत-बहुत बधाई जो फर्नीचर निर्माताKIद्वारा राष्ट्रीय पैमाने परउपहार स्वरूप कक्षा के लिए फर्नीचर देनेकी प्रतियोगिता में अंतिम 12 उम्मीदवारों में से एक हैं! Dr. Sery को समर्थन देने और Briarlake के सभी युवा कलाकारों के लिए सम्मिलित स्थान बनाने में मदद के लिए नीचे दिए गए लिंक पर क्लिक करके वोट दें और Dr. Sery के कक्षा डिज़ाइन को देखें। वोट देने की अंतिम तिथि 31 जनवरी है।

https://www.ki.com/insights/markets/k-12-education/learning-space-design-competition/2024/#eastern




माता-पिता और अभिभावकों को निःशुल्क Edulog पेरेंट पोर्टल ऐप डाउनलोड करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। इस ऐप की मदद से माता-पिता और अभिभावक रियल-टाइम मैप पर अपने बच्चे की बस के रूट पर नजर रख सकते हैं और उस बस के बस स्टॉप, स्कूल या कस्टम अलर्ट ज़ोन के निकट आने पर ताज़ा सूचनाएं पा सकते हैं। माता-पिता और अभिभावक अपने बच्चे के लिए केवल अद्वितीय डेटा के साथ पंजीकरण करके ही एक्सेस प्राप्त करते हैं। यदि आपको Edulog ऐप के संबंध में कोई प्रश्न पूछना है या चिंता दर्ज करानी है, तो कृपया DCSD ट्रांसपोर्टेशन से (678) 676-1305 पर संपर्क करें। अधिक जानकारी के लिए यहाँ क्लिक करें।





बैटल ऑफ द ब्रिगेड - Tucker हाई स्कूल

https://www.youtube.com/watch?v=jhNeAdBodQY




शिक्षा बोर्ड की पिछली सभी टाउन हॉल बैठकों के संवाद देखने के लिए, कृपया इस लिंक पर क्लिक करें:
https://www.dekalbschoolsga.org/students/d3-dialogue-with-district-leaders/

बैठकों की रिकॉर्डिंग देखने के लिए कृपया इस लिंक पर क्लिक करें:
https://vod.dekalbschoolsga.org/CablecastPublicSite/gallery/7?channel=1




DCSD म्यूज़िक मैटर्स – एपिसोड 8 - Arabia Mountain HS

https://www.youtube.com/watch?v=FtRoDGbTNS8



# जागरूक बनाएं
# लड़ाई बंद करें
## मानव तस्करी रोकें



**11 जनवरी, 2024 ~ 31 जनवरी, 2024**

जनवरी माह को मानव तस्करी रोकथाम माह के रूप में मनाया जाता है। स्कूल डिस्ट्रिक्ट के तौर पर, हम "लड़ाई रोकने के लिए जागरूक बनाएंगे/ मानव तस्करी रोकेंगे।" हमारी मानव तस्करी रोकथाम टीम ने हमारे विद्यार्थियों, माता-पिता, सामुदायिक हितधारकों और सभी कर्मचारियों के लिए गतिविधियाँ बनाई हैं। अधिक जानने के लिए, यहाँ क्लिक करें।

पिछले सप्ताह आयोजित सामुदायिक भागीदारी मिक्स एंड मिंगल में भाग लेने वाले सभी लोगों को धन्यवाद। महत्वपूर्ण चर्चाओं में आपकी भागीदारी ने हमें भाव-विभोर कर दिया। इस कार्यक्रम की और अधिक तस्वीरें देखने के लिए, कृपया यहाँक्लिक करें।

**स्कूल चयन खुला नामांकन**

**5 जनवरी - 9 फरवरी, 2024**




## कार्यक्रम

- Arabia Mountain हाई स्कूल में कैरियर पाथवेज़
- Coralwood-Hawthorne भागीदारी
- ड्युअल लैंग्वेज इमर्शन
- हाउस बिल 251
- अंतर्राष्ट्रीय स्नातक (IB)
- मोंटेसरी
- Dr. Ronald E. McNair डिस्कवरी लर्निंग एकेडमी
- सीनेट बिल 10
- स्पेशल इंटरस्ट मैगनेट
- हाई अचीवर्स मैगनेट
- थीम

## महत्वपूर्ण तिथियां

- 5 जनवरी, 2024 - खुला नामांकन शुरू होगा
- 9 फरवरी, 2024 - खुला नामांकन बंद होगा
- 29 मार्च, 2024 - लॉटरी के नतीजे जारी होंगे
- 1 अप्रैल, 2024 - विलंब आवेदन लिया जाएगा
- 30 अगस्त, 2024 - प्लेसमेंट की अंतिम तिथि

## आवश्यक दस्तावेज़

- DCSD विद्यार्थी आईडी संख्या
- जन्म का प्रमाण
- निवास का प्रमाण
- पतझड़ 2023 रिपोर्ट कार्ड

## अतिरिक्त दस्तावेज़

- MAP स्कोर
- ऑडिशन आवेदन
- IB आवेदन
- Arabia मैगनेट आवेदन

## DCSD स्कूल चॉइस

DeKalb काउंटी स्कूल डिस्ट्रिक्ट विभिन्न स्कूल चॉइस कार्यक्रमों के लिए लॉटरी चयन के लिए खुला नामांकन अवधि के दौरान आवेदन करने के लिए DeKalb काउंटी में रहने वाले परिवारों का स्वागत करता है। इस दौरान हाई अचीवर्स मैगनेट से लेकर अंतर्राष्ट्रीय स्नातक और ड्युअल लैंग्वेज इमर्शन और थीम कार्यक्रमों जैसे अवसरों का लाभ उठाया जा सकेगा। लॉटरी का चयन मार्च के तीसरे सप्ताह में किया जाता है। परिवार WWW.DEKALBSCHOOLSGA.ORG/SCHOOL-CHOICE/पर आवेदन कर सकते हैं।

स्कूल चयन खुला नामांकन 9 फरवरी को समाप्त होगा। अधिक जानकारी के लिए यहाँ क्लिक करें।




एपिसोड 7 – DCSD Distrito Escolar De DeKalb Te Escucha

https://www.youtube.com/watch?v=puL0Xzr1mGM

# दोहरा नामांकन

Georgia का दोहरा नामांकन कार्यक्रम ग्रेड 10-12 के पात्र विद्यार्थियों को हाई स्कूल डिप्लोमा की पढ़ाई करते समय कॉलज क्रेडिट पाने का अवसर देता है।



**अभी कॉलज क्रेडिट पाएं**

अधिक जानकारी के लिए क्लिक करें

**अधिक जानकारी के लिए अपने स्थानीय स्कूल काउंसलर से संपर्क करें**

HINDI




फ्लायर में QR कोड स्कैन करके अभी आवेदन करें या https://bit.ly/3hvkfrg पर जाएं।

HINDI

Disrupting for Excellence

**(उत्कृष्टता का आह्वान)**

# क्या आपने अधीक्षक का न्यूज़लैटर पढ़ा है?




## आप उसे यहाँ से एक्सेस कर सकते हैं!

- सोशल मीडिया @dekalbschools
- स्कूल मैसेंजर
- वेबसाइट (डिस्ट्रिक्ट और स्कूल)
- न्यूज़फ्लैश
- मेल चिम्प

सबस्क्राइब करने के लिए
QR कोड स्कैन करें

DeKalb County™
School District

Disrupting *forExcellence*

(उत्कृष्टता का आह्वान)

HINDI



# मेडिकेड पुनर्निर्धारण से सहायता पाएं

अप्रैल 2023 से मई 2024 तक चलाने वाली पात्रता जाँचों की तैयारी में Georgia के Medicaid और PeachCare for Kids® सदस्यों और समुदायों की मदद करने के संसाधन यहाँ दिए गए हैं।

DeKalb County School District

https://www.dekalbschoolsga.org

https://www.dekalbschoolsga.org/students/medicaid-redetermination-are-you-still-covered/

https://www.dekalbschoolsga.org/students/medicaid-redetermination-are-you-still-covered/